पत्रांक सं0–2प0/प0रा0भ0–09–06/2023/10301/पं0रा0

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**नजर हुसैन,**
अपर सचिव

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी,**
पश्चिम चम्पारण।

पटना, दिनांक 13/8/2025

**विषय : पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत चनपटिया प्रखण्ड के ग्राम पंचायत–बेतियाडीह में पंचायत सरकार भवन निर्माण के संबंध में।**

**प्रसंग : आपका पत्रांक–448 दिनांक 16.12.2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, पटना का पत्रांक–1113 दिनांक 28.02.2025 के माध्यम से पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को अवगत कराया गया है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत मैनाटांड प्रखण्ड के पुरैनिया पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि चयन कर स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन को उपलब्ध कराया गया, परंतु उक्त ग्राम पंचायत में पूर्व से ही भवन निर्माण विभाग द्वारा पंचायत सरकार भवन निर्माण कराये जाने की स्थिति में स्थल दोहराव के कारण जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण के स्तर से स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन को पुरैनिया पंचायत के बदले चनपटिया प्रखण्ड के बेतियाडीह पंचायत आवंटित किया गया।

इस संबंध में प्रासंगिक पत्र के माध्यम से चनपटिया प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज बेतियाडीह में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल–1, बेतिया के माध्यम से कराये जाने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

अतएव उपर्युक्त के आलोक में निदेशानुसार चनपटिया प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज बेतियाडीह में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, योजना एवं विकास विभाग के माध्यम से कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

13/8/25

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

D:\Nazar Sir 2025\Letter.docx



Scanned with OKEN Scanner

**ज्ञापांक** : 2प०/प०स०भ०–09–06/2023/10301/पं०रा० पटना, दिनांक 13/8/2025

**प्रतिलिपि** : मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/8/25

**(नजर हुसैन)**
अपर सचिव

**ज्ञापांक** : 2प०/प०स०भ०–09–06/2023/10301/पं०रा० पटना, दिनांक 13/8/2025

**प्रतिलिपि** : जिला पंचायत राज पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/8/25

**(नजर हुसैन)**
अपर सचिव

**ज्ञापांक** : 2प०/प०स०भ०–09–06/2023/10301/पं०रा० पटना, दिनांक 13/8/2025

**प्रतिलिपि** : आई०टी० मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/8/25

**(नजर हुसैन)**
अपर सचिव



Scanned with OKEN Scanner